# कार्यालय नगर पालिका परिषद मंदसौर ( म0प्र0)

दूरभाष – कार्यालय–405984 फेक्स–244246
(e-mail : cmomandsaur@mpurban.gov.in)

क्रमांक / 1514 / स्वा. / गैरेज / 2026 मंदसौर, दिनांक 4 / 5 / 2026

## :: ई–टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण) ::

सर्वसंबंधित व्यक्तियों / संस्था / फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका स्वामित्व के बडे एवं छोटे नालों की सफाई, गहरीकरण, जमा कचरे, गाद का निपटान, सार्वनिक स्थानों, खाली प्लाटों एवं स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ट्रेचिंग ग्राउण्ड आदि नगर के सफाई कार्यो हेतु पॉकलेन मशीन किराए पर लिया जाना है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र. | ऑनलाईन टेण्डर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित संख्या (नग) | अनुमानित व्यय | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | UADD TENDER NO. | नगर पालिका स्वामित्व के बडे एवं छोटे नालों की सफाई, गहरीकरण, जमा कचरे, गाद का निपटान, सार्वनिक स्थानों, खाली प्लाटों एवं स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ट्रेचिंग ग्राउण्ड आदि नगर के सफाई कार्यो हेतु पॉकलेन मशीन किराए पर लिये जाने की प्रति घंटे अनुसार दरें | 01 | 30 लाख रू | 22,500 / – | 5,000 / – |

उपरोक्त कार्य हेतु निविदा प्रपत्र फॉर्म–एफ पर आमंत्रित किया जाना है जिसका विस्तृत विवरण एवं शर्ते वेबसाईट https://mpetenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**शर्ते :–**

1. समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वह अंतिम दिवस की प्रतिक्षा न कर निर्धारित समय सारणी अनुसार निविदा की ऑनलाईन प्रक्रिया पूर्ण करें। वेबसाईट में किसी प्रकार की असुविधा के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। वेबसाईट की किसी भी प्रक्रिया अथवा संचालन संबंधी जानकारी के लिये वेबसाईट का टोल फ्री नंबर 0120-4001 002 पर संपर्क किया जा सकता है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन अथवा परिवर्तन होता है तो वह केवल वेबसाईट पर प्रदर्शित होगा, उसके लिये पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
2. निविदा के संबंध में आवश्यक जानकारी कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।
3. अमानत राशि (एफ.डी.आर.) ऑनलाईन माध्यम से (मुख्य नगरपालिका अधिकारी मन्दसौर के नाम से जारी हो) मान्य किये जावेंगे।
4. निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार मुख्य नगरपालिका अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।
5. अमानत राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाईन माध्यम द्वारा दिनांक.......................... सायं 05:00 बजे तक जमा कराना अनिवार्य है।
6. किराए पर लिये जाने वाले वाहनों की संख्या अनुमानित है, जिसमें कमी अथवा वृद्धि की जा सकती है।
7. पॉकलेन मशीन की दरें पृथक–पृथक प्रति घंटे अनुसार दरें दी जावे।
8. निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेजों (पेन कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, वाहनों के रजिस्ट्रेशन एवं बिमा, नो रिलेशन सर्टिफिकेट, शपथ–पत्र 100 रू के स्टाम्प पर एवं अन्य दस्तावेज) ऑनलाईन माध्यम से मान्य किये जावेंगे।
9. दरें प्रति घंटे के अनुसार (मय डिजल, चालक एवं अन्य मेंटेनेंस सहित) समस्त करों सहित देवें।
10. दरें चालु वित्तिय वर्ष 2026–27 के लिये मान्य रहेंगी।
11. किराए पर लगाए जाने वाले वाहनों में किसी प्रकार की टुट–फूट, दुर्घटना एवं चोरी से होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति अथवा हानि होने पर निकाय द्वारा किसी प्रकार के क्लेम का भुगतान नहीं किया जावेगा। इसकी समस्त जवाबदारी वाहन मालिक अथवा संबंधित निविदादाता की होगी।
12. मशीनो व वाहनों के साथ कार्य करने वाले चालक एवं सहयोगी का बीमा अनिवार्य रूप से निविदा दाता द्वारा करवाना अनिवार्य होगा।
13. ई.पी.एफ. और ईएसआईसी के रजिस्ट्रेशन और पिछले तीन माह के चालान की प्रतिलिपि संलग्न करनी होगी।
14. कार्य संतोषजनक होने पर आपसी सहमति से कार्य की आवश्यकता होने पर नई दरे स्वीकृत होने तक प्राप्त स्वीकृत दर पर कार्य कराया जा सकता है।
15. सशर्त निविदा मान्य नहीं की जावेगी।
16. कार्य की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकेगी।

अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद, मन्दसौर

Signature Not Verified
Digitally signed by ANITA CHOKOTIA
Date: 2026.05.04 17:12:02 IST
Location: Madhya Pradesh-MP

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद, मन्दसौर